>

Title: Regarding assignment of sponsorship for advertisement during Commonwealth Games to a multinational company.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर): सभापति महोदय, मैं एक बहुत अच्छी जानकारी देने जा रही हूं और स्वामी जी को कहूंगी कि मंत्री जी तक यह बात पहुंचायें। हमारे बच्चों ने जो रेलवे की विश्व टेबल टेनिस स्पर्धा रशिया में हुई थी, इस विश्व रेलवे टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में हमारे यहां की जो टीम गई थी, उन्होंने दो स्वर्ण पदक वहां पर प्राप्त किये हैं। मुझे इसलिए गर्व होता है कि एक स्वर्ण पदक लाने वाला लड़का अर्पित भोपालकर मेरी कांस्टीट्वेंसी इन्दौर का ही है। यही नहीं, जो पूरी दूसरी टीम गई थी, पुरुष युगल में, महिला युगल में और मिक्स डबल में तीनों में कांस्य पदक भी इन लोगों ने जीते हैं।

MR. CHAIRMAN : Please come to the point. Your notice is regarding assignment of sponsorship for advertisement during the Commonwealth games to a multinational company.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : मैं उसी पर आ रही हूं। यह एक अच्छी बात है, वे बधाई के पात्र हैं। रेल मंत्रालय उन्हें बधाई तो दे।

लेकिन जो दूसरी बात आती है कि हमारे खिलाड़ी तो अच्छा खेल खेलते हैं, लेकिन यहां कई बार जो व्यवस्थाएं होती हैं, मैं उसका प्रश्न उठाना चाहूंगी। अभी जो जानकारी मिली है, वह थोड़ी चिन्ताजनक इसलिए है कि हमारे यहां जो कॉमनवैल्थ गेम्स हो रहे हैं, उसमें जानकारी यह है कि इन कॉमनवैल्थ गेम्स में एड लाने के लिए, स्पॉन्सरशिप लाने के लिए सिंगापुर की कोई स्पोर्ट्स मार्केटिंग एण्ड मैनेजमेंट कम्पनी है, मालूम नहीं कैसे, इस कम्पनी को एक प्रकार से ठेका दिया गया है और ठेका भी ऐसा दिया गया है कि 15 परसेंट या 22 परसेंट कमीशन जो वे स्पॉन्सरशिप लाएंगे, उस पर दिया जायेगा। उसमें भी उन्होंने बाहर से तो स्पॉन्सरशिप नहीं लाई, लेकिन हमारे यहां के जो पी.एस.यूज़. हैं, जैसे एन.टी.पी.सी. ने 50 करोड़ रुपये दिये हैं, सैण्ट्रल बैंक ने 51 करोड़ रुपये दिये हैं, एयर इंडिया ने दिये हैं, इनके ऊपर अगर इनको 15 से 22 परसेंट हम कमीशन देने लग जायें तो यह कहां का औचित्य है, यह किसने इस प्रकार से तय किया? इस कमीशन में वे कितनी स्पॉन्सरशिप बाहर से लाये और पहली बात तो यह है कि 22 प्रतिशत तो जो कमीशन दिया गया है, मुझे लगता है कि कहीं न कहीं इस बात की जांच होनी चाहिए कि हमारे ही पी.एस.यूज़. ओलम्पिक्स में कुछ मदद करें और उसमें किसी बाहर की कम्पनी को कमीशन दें, यह कतई उचित प्रतीत नहीं होता है। इस पूरे मामले की कहीं न कहीं जांच होनी चाहिए, ऐसी मैं मांग करती हूं।

SHRI B. MAHTAB : Sir, I would like to associate myself with the issue raised by Shrimati Sumitra Mahajan.

MR. CHAIRMAN: Please send a slip to the Table.